Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 13-03-2007

Participants : Paswan Shri Sukdeo

>

Title: Need to check migration of 'Madheshis' from Nepal to India affecting public life in border areas particularly in Araria, Bihar - laid.

श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : महोदय, नेपाल में मघेशियों द्वारा जारी आंदोलन के कारण वहां से सटे सभी तराई क्षेत्रों में जीवन अस्त-व्यस्त और काफी प्रभावित हो रहा है। खासकर जोगबनी बॉर्डर से हजारों हजारों की संख्या में नेपाल से मघेशियों का पलायन हो रहा है और इसके कारण अररिया एवं अन्य सीमावर्ती क्षेत्र में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। माओवादी आंदोलन के कारण वैसे ही तराई क्षेत्र में अनेक समस्यायें पैदा हो रखी थीं और मघेशियों की समस्या से आम जीवन पर असर पड़ रहा है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं और निवेदन करना चाहता हूं कि नेपाल सरकार से वार्ता कर इन समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द ढूंढा जाये, नहीं तो तराई क्षेत्रों में यह समस्या एक विस्फोटक रूप ले सकती है और इसके कारण वहां के निवासियों का आम जीवन प्रभावित हो सकता है।